हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में गणतन्त्र दिवस का आयोजन

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में 72वें गणतन्त्र दिवस का आयोजन दिनांक 26 जनवरी 2021 को बड़े ही हर्षोल्लास से किया गया, जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों तथा उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। सर्वप्रथम संस्थान के निदेशक, डॉ. एस.एस. सामंत द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया। इस अवसर पर सभी ने तिरंगे को सलामी दी तथा सभी उपस्थित महानुभावों ने राष्ट्रगान गाया।

इसके उपरांत, डॉ. एस.एस. सामंत, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सभी को तथा उनके परिवार जनों को 72वें गणतन्त्र दिवस की बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि बड़े ही गर्व एवं हर्ष का विषय है कि आज पूरे देश में 72वें गणतन्त्र दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि भारत के हर हिस्से में आज विशेष समारोह आयोजित किए जा रहे हैं परंतु कोविड-19 के चलते इस बार समारोहों का रूप थोड़ा बदला हुआ है मगर जोश में कोई कमी नहीं आई है।

इस अवसर पर उन्होने देश के स्वतंत्रता सेनानियों तथा योद्धाओं को याद करते हुए नमन किया तथा बताया कि यह उनके अथक प्रयासों एवं बलिदानों का ही परिणाम है कि हमारा देश पूर्ण रूप से स्वतंत्र हुआ। आज विश्व में हमारा देश भारत एक अहम स्थान रखता है तथा दिन-प्रतिदिन प्रगति के नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है।

अपने सम्बोधन में उन्होने कहा कि हम सभी को अपने-अपने क्षेत्र में सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए ताकि हम भी कहीं-न-कहीं देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकें। उन्होने कहा कि यह बड़े ही सौभाग्य की बात है कि हम *भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद* में कार्यरत हैं तथा विश्व में आज के ज्वलंत विषयों जैसे पर्यावरण संरक्षण तथा वानिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, इसलिए हमारा कर्तव्य बन जाता है कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष कार्य करने के साथ-साथ आम जनता को भी इस बारे में जागरूक करें।

इस अवसर पर परिसर में रहने वाले बच्चों ने देश-भक्ति से ओत-प्रोत कुछ प्रस्तुतियाँ भी पेश की जिसकी सभी ने सराहना की।

श्री करतार सिंह, वन परिक्षेत्राधिकारी को उनके द्वारा पिछले पाँच वर्षों में किए गए कार्यों के लिए उन्हे निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमल द्वारा *भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद* द्वारा स्थापित **आई.सी.एफ़.आर.ई. - उत्कृष्ट कर्मचारी पुरस्कार – 2020** प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अंत में उन्होने गणतन्त्र दिवस आयोजन में भाग लेने के किए सभी का धन्यवाद किया तथा देश के साथ-साथ सब के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भारत-माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।